प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**19.10 गुरूवार** **दिनांक 06.06.2024**

**मुख्य समाचारः–**

- एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्व–सम्मति से अपना नेता चुने जाने के साथ ही केन्द्र में नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू की।
- लोकसभा चुनाव के तहत देशभर में लागू आदर्श आचार संहिता आज से समाप्त।
- रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल से छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा।
- अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ भागों में अंधड़ चलने और गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना।

..............................................

**नई सरकार–प्रक्रिया**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्व–सम्मति से अपना नेता चुने जाने के साथ ही केन्द्र में नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनडीए नेताओं की कल नई दिल्ली में हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया कि श्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कार्यकाल में पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि देश की जनता ने छह दशकों के बाद लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ एक मजबूत नेतृत्व चुना है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए यह एक ऐतिहासिक जनादेश है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए सरकार देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करती रहेगी।

उधर, इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने भी केन्द्र में सरकार बनाने की रणनीति तय करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास पर हुई। बैठक में श्री खरगे ने कहा कि जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आया है। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी के लिए भारी राजनीतिक क्षति और नैतिक हार है।

**आचार संहिता–समाप्त**

लोकसभा चुनाव के तहत देशभर में लागू आदर्श आचार संहिता आज से समाप्त हो गई है। चुनाव आयोग ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार अब चूंकि लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभा चुनाव के भी परिणाम आ चुके हैं। अतः आदर्श आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

**भाजपा प्रबंधन समिति–बैठक**

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में दस लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने वाले भाजपा सांसदों का स्वागत किया।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है, जिस पर हम सबको खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है।

**नीति आयोग–बैठक**

नया रायपुर स्थित राज्य नीति आयोग में आज "छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस" डॉक्यूमेंट तैयार करने वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में वर्किंग ग्रुप के सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक में सस्टनेबिलिटी एंड रिजनरेटिव डेव्हलपमेंट के मामले में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने पर विचार–विमर्श किया गया। वर्किंग ग्रुप के सदस्यों ने बैठक में सुशासन अभिसरण विभाग योजना, आर्थिक और सांख्यिकी विभाग, वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग, खनिज संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित भविष्य के लक्ष्य, चुनौतियों और सामर्थ्य का प्रेजेंटेशन दिया।

गौरतलब है कि विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का उत्तरदायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। इस साल सितंबर महीने तक विजन डॉक्यूमेंट का अंतिम रिपोर्ट तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## शासकीय स्कूल–आदेश

छत्तीसगढ़ सरकार ने निजी स्कूलों की तर्ज पर शासकीय स्कूलों में भी शिक्षक–अभिभावक मुलाकात–पैरेंट्स मीट करने के निर्देश दिए हैं। राज्य के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा है कि इस तरह का नवाचार करने वाला छत्तीसगढ़, देश का चौथा राज्य होगा। इससे पहले, गुजरात, महाराष्ट्र और हरियाणा में पैरेंट्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासकीय स्कूलों में साल में तीन बार शिक्षक–अभिभावक मुलाकात होगी। उन्होंने कहा कि इस नवाचार से बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराया जा सकेगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनेगा। बच्चों की काउंसलिंग से उन्हें परीक्षा का तनाव नहीं रहेगा और स्कूलों से ड्रॉप आउट यानी पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को रोका जा सकेगा। स्कूल शिक्षा सचिव ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर पहली पैरेंट्स मीट की तारीख नौ अगस्त तय कर दी है।

## आभा ऐप

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन–आभा के अंतर्गत जगदलपुर के महारानी अस्पताल में मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। मरीज या उनके परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप आभा के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या वे आभा ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिसमें मरीज को चौदह अंकों का कार्ड नंबर मिलेगा। इसमें मरीज की स्वास्थ्य संबंधी पूरी जानकारी होगी। इस ऐप द्वारा देश में कहीं पर भी डॉक्टर द्वारा मरीज के स्वास्थ्य रिपोर्ट जानने में सहूलियत होगी।

महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर संजय प्रसाद ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है। ऐप के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर कोई भी व्यक्ति अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर स्वयं को रजिस्टर्ड कर सकता है।

## पशु कल्याण समिति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू और प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी को रायपुर स्थित राज्य स्तरीय पशु चिकित्सालय के रोगी पशु कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया

है। यह समिति पशुधन के हितों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करती है, जिसका उद्देश्य पशुधन को उसका सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने का हक प्रदान करना है।

**म्यूथाई चैम्पियनशिप**

गुवाहाटी में पच्चीस से तीस मई तक आयोजित म्यूथाई चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के चार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक और तीन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता है। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में राजकुमार, दिव्या अग्रवाल, तोषी पांडे और समिधा अग्रवाल शामिल हैं। वहीं, शुभांश मानिकपुरी, प्रवीण जायसवाल और अर्चित केशवानी ने कांस्य पदक जीता।

इन खिलाड़ियों ने आज रायपुर में खेल मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ सहित उनतीस राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

**सीसीपीएल**

रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल सात जून से छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की छह टीमें भाग लेंगी। इनमें रायपुर रिहोन्स, बिलासपुर बुल्स, रायगढ़ लायन, राजनांदगांव पैंथर, सरगुजा टाइगर और बस्तर बायसन की टीमें शामिल हैं। पहला मुकाबला रायपुर रिहोन्स और बिलासपुर बुल्स के बीच कल शाम पांच बजे से खेला जाएगा। यह क्रिकेट प्रतियोगिता सोलह जून तक आयोजित होगी। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में विजेता टीम को पंद्रह लाख रुपए और उपविजेता टीम को ग्यारह लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें दर्शकों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के बेहतर क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें अवसर प्रदान करना है।

**ट्रेन परिचालन**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के सालेकसा–दर्रेकसा के बीच अप और डाउन रेलवे क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण सात और बारह जून को दस गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें दुर्ग–गोंदिया–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया–नेताजी सुभाषचंद्र बोस–गोंदिया इतवारी मेमू पैसेंजर

स्पेशल, डोंगरगढ़–गोंदिया–डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल सहित इस रूट से गुजरने वाली दस अन्य ट्रेनें भी रद्द रहेंगी।

**कोंडागांव पुलिस–अभियान**

कोंडागांव पुलिस के साइबर सेल ने बीते बीस दिनों में दो सौ तीस गुम मोबाइलों को ढूंढने में सफलता हासिल की है। इन मोबाइलों का वर्तमान बाजार मूल्य करीब पैंतालीस लाख रुपए बताया जाता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर इन मोबाइलों को संबंधित व्यक्तियों को लौटाया गया। सायबर सेल द्वारा ढूंढे गए मोबाइल छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती राज्यों से बरामद किए गए हैं।

गौरतलब है कि कोंडागांव पुलिस ने अभियान चलाकर बीते छह महीने में गुम हुए चार सौ से अधिक मोबाइलों को ढूंढकर संबंधित व्यक्तियों को लौटाया है।

**मौसम**

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज आगे बढ़ते हुए कर्नाटक राज्य के अधिकांश भागों के साथ ही महाराष्ट्र, तेलंगाना, तटीय आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अगले तीन से चार दिनों में मानसून के दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों तक पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ भागों में अंधड़ चलने और गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

इस बीच, बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के संजारी चौकी में बीती शाम एक घर में आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। वहीं, आकाशीय बिजली ने एक मवेशी को भी अपनी चपेट में ले लिया।

**संक्षिप्त समाचार कुछ खबरें संक्षेप में–**

– नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राज्यपाल को पत्र लिखकर हसदेव अरण्य में वृक्षों की कटाई पर रोक लगाने के लिए संबंधित लोगों को निर्देश देने के साथ ही कोयला उत्खनन और जंगल कटाई के दोषी लोगों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

– आज प्रदेश में वट सावित्री का पर्व धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागन महिलाओं ने बरगद के पेड़ की विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना की।

– दुर्ग में भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवक–युवतियों को दस जून से निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

– दुर्ग जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला कलेक्टर ने पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिए हैं कि बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए।

– दुर्ग जिले में पुलिस ने जामुल क्षेत्र से एक क्विंटल गांजे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक ही नंबर के दो पिकअप वाहन जब्त किए हैं।